www.bankofbaroda.com

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

कॉर्पोरेट कार्यालय: बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी–26, ''जी'' ब्लॉक,
बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051

नोटिस

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के साथ विजया बैंक और देना बैंक का समामेलन

उचित इक्विटी शेयर विनिमय अनुपात के संबंध में आपत्तियों के निवारण के लिए शिकायत निवारण समिति का गठन

यह बैंकिंग कंपनी (अधिग्रहण एवं उपक्रमों का अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 **(''समामेलन की योजना'')** की धारा 9 के अंतर्गत बैंक ऑफ़ बड़ौदा **(''अंतरिती बैंक'')** के साथ विजया बैंक **(''अंतरणकर्ता बैंक 1'')** एवं देना बैंक **(''अंतरणकर्ता बैंक 2'') (''सामूहिक रूप से संबंधित बैंक'')** के समामलेन की योजना से संबंधित है. प्रत्येक संबंधित बैंक के निदेशक मंडल ने 2 जनवरी, 2019 को अपनी संबंधित बैठकों में निम्नलिखित उचित इक्विटी शेयर विनिमय अनुपात को मंजूरी दी है जो कि संबंधित बैंक के निदेशक मंडल के मतानुसार उचित और न्यायसंगत **(''उचित इक्विटी शेयर विनिमय अनुपात'')** है:

क. विजया बैंक के ₹10/– प्रत्येक के 1000 इक्विटी शेयरों के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा के ₹2/– प्रत्येक के 402 इक्विटी शेयर

ख. देना बैंक के ₹10/– प्रत्येक के 1000 इक्विटी शेयरों के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा के ₹2/– प्रत्येक के 110 इक्विटी शेयर

संबंधित बैंकों के अल्प शेयरधारकों के हितों की रक्षा के लिए, एक शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है. इस उद्देश्य हेतु अल्प शेयरधारक के अंतर्गत (क) वैयक्तिक या सामूहिक रूप से किसी संबंधित बैंक की कुल चुकता इक्विटी पूंजी के कम से कम 1% (एक प्रतिशत) का धारक या (ख) किसी संबंधित बैंक के 100 शेयरधारक जो सामूहिक रूप से विचार रखते हैं, को माना जाता है और वे निर्धारित प्रारूप (वेबसाइटलिंक https://www.bankofbaroda.com/amalgamation-of-vijaya-bank-and-dena-bank-with-bank-of-baroda.htm पर उपलब्ध करवाया गया है) में 24 जनवरी 2019 को 5 बजे तक उचित इक्विटी शेयर विनिमय अनुपात के संबंध में अपनी आपत्ति (यदि कोई हो) लिखित रूप में तथा विधिवत हस्ताक्षर के साथ निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत करने हेतु पात्र हैं.

अध्यक्ष शिकायत निवारण समिति
मार्फत – बैंक ऑफ़ बड़ौदा
पहला तल, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी–26, जी–ब्लॉक,
बीकेसी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई– 400051

शिकायत निवारण प्रणाली के विवरण दिनांक 4 जनवरी, 2019 से 24 जनवरी, 2019 तक वेबसाइट **www.bankofbaroda.com** पर उपलब्ध रहेंगे. अन्य नवीनतम जानकारी भी बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई जाएगी.

पी के अग्रवाल
कंपनी सचिव
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
बीसीसी, मुंबई

स्थान: मुंबई
दिनांक: 04 जनवरी 2019

(68/18-19)